वेलनेस सिटी में योग रिट्रीट सेंटर और प्रबंधनगर में लाजिस्टिक पार्क बनेगा

फैसला

- एलडीए में मास्टर डेवलपर भी होगा, 15 अगस्त को लॉन्च होगी मोहान रोड योजना
- सीएम सलाहकार अवनीश अवस्थी, वीके राजू का अपग्रेडेशन पर सुझाव

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। एलडीए की प्रस्तावित वेलनेस सिटी में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के साथ विश्व स्तरीय योग रिट्रीट सेंटर भी बनेगा। मेडिकल कॉलेज और विश्वविद्यालय के लिए जमीन की कमी न पड़े, इसके लिए मोहान रोड योजना, वेलनेस सिटी में संस्थागत भूखण्डों की संख्या बढ़ेगी। एलडीए के पारिजात सभागार में गुरुवार को मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी,केवी राजू ने प्राधिकरण की आवासीय योजनाओं की समीक्षा कर अपग्रेडेशन के सुझाव दिए।

एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने प्रस्तावित योजनाओं का प्रेजेन्टेशन देते हुए बताया कि एलडीए ने सुल्तानपुर रोड पर वेलनेस सिटी-आईटी सिटी, मोहान रोड पर एजुकेशनल सिटी, आईआईएम रोड पर प्रबंध नगर योजना का खाका बनाया है। जमीन जुटाने और मुआवजे की दर तय करने सम्बंधी प्रस्ताव बोर्ड बैठक में पास हो गया है। किसानों से समझौते, भू-अधिग्रहण, लैंड पूलिंग के आधार पर जमीन जुटाने का काम चल रहा है। ग्राम-प्यारेपुर, कलियाखेड़ा की 785.02 एकड़ अर्जित भूमि पर 1544 करोड़ से मोहान रोड योजना का विकास होगा। सुल्तानपुर रोड पर करीब 1474 एकड़ जमीन पर वेलनेस सिटी मेडीसिटी की तरह विकसित होगी। यहां सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल, मेडिकल कालेज, डायग्नोस्टिक सेंटर के साथ विपासना केन्द्र और मेडिटेशन सेंटर आदि होंगे। अमीनाबाद मेडीसिन मार्केट भी वेलनेस सिटी में लो का प्रस्ताव है। अवनीश अवस्थी ने दोनों योजनाओं में संस्थागत भूखण्डों का क्षेत्रफल बढ़ाने का सुझाव दिया, जिससे निवेश का दायरा बढ़े और राजधानी में विदेशी यूनिवर्सिटीज आकर्षित हों। वेलनेस सिटी में हास्टिपल के साथ योग रिट्रीट सेंटर भी बनाने के निर्देश दिये।

आईटी सिटी में ग्लोबल बिजनेस पार्क

सुल्तानपुर रोड, किसान पथ के बीच आईटी सिटी में हाईटेक प्रौद्योगिकी पार्क, ग्लोबल बिजनेस पार्क, साइंस एवं इंजीनियरिंग उपकरण क्षेत्र, सुपर स्पेशलिटी मेडिकल जोन आदि के लिए भूखण्ड विकसित होंगे। केवी राजू ने सुझाव दिया कि इंडस्ट्रियल एरिया के पास कर्मचारियों के लिए बहुमंजिला आवासीय भवनों का प्रावधान करें। आईआईएम रोड पर ग्राम-धैला, अल्लूनगर डिगुरिया, ककौली की भूमि पर प्रस्तावित प्रबंध नगर योजना के संबंध में अवनीश अवस्थी ने कहा कि रोड कनेक्टिविटी काफी बेहतर है। ऐसे में यहां लाजिस्टिक पार्क विकसित किया जाए, इससे निवेश बढ़ने के साथ रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

बारिश में जलभराव न हो, इसके विशेष इंतजाम हों

अवनीश अवस्थी ने प्राधिकरण की चारों योजनाएं देखकर कहा कि सभी योजनाओं में सीवर-ड्रेनेज का विशेष ध्यान रखा जाए। विशेषज्ञों को अनुबंधित कर उनकी देखरेख में काम कराए जाएं। योजनाओं को बेहतर ढंग से संचालित करने, विक्रयशीलता बढ़ाने के लिए एक मास्टर डेवलपर चुनने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त तक मोहान रोड योजना का काम शुरू करा दिया जाए। दिवाली तक वेलनेस सिटी लांच की जाए।